# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 जून2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बडे पैमाने पर और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

**********

देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लेकर आया है। इसी क्रम में आज हम पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं।

**पिछले दशक में उत्तर पूर्वी भारत में एक आद्वितीय बदलाव देखा गया है। असम और अरुणाचल प्रदेश ने दशकों पुरानी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक बेहतर हुई है। 10 नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे, मिजोरम जैसे राज्य में नई रेलवे लिंक और ब्रह्मपुत्र पर रो–रो फैरी सेवाओं ने यात्रा को पहले से कहीं ज्यादा सुलभ बना दिया है। भोगीबील ब्रिज जैसे प्रमुख परियोजनाओं ने दूर दराज के इलाकों को भी आपस में जोड़ा है। पीएम डिवाइन और उन्नति 2024 जैसी योजनाएं नये आर्थिक अवसर खोल रही हैं। क्षेत्र को 135000 करोड रुपए से अधिक के बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं का समर्थन मिला है। यह क्षेत्र अब 15000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र में एक प्रमुख कदम उठा रहा है। अक्षत वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

लखनऊ निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कल शाम स्पेसएक्स के एक्सिओम फोर से अपनी अंतरिक्ष यात्रा शुरू करेंगे। वे दो सप्ताह तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र की यात्रा के लिए वह पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। एक रिपोर्ट –

**भारत दूसरी बार इतिहास रचने को तैयार है, इससे पहले 3 अप्रैल, 1984 को भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा सोयूज टी 11 के जरिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना से पहले की बात है। शुभांशु के साथ, अमरीका के शोधकर्ता डॉ. पैगी व्हाट्सन, पोलैंड से वैज्ञानिक, इंजीनियर स्लावोज उज्नान्स्की और हंगरी से मैकेनिकल इंजीनियर टिबोर कपू पृथ्वी की निचली कक्षा के मार्ग को फिर से परिभाषित करने वाले इस ऐतिहासिक मिशन पर अंतरिक्ष की यात्रा कर रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अपनी 15 दिनों की यात्रा के दौरान मानव अनुसंधान, पृथ्वी अवलोकन और जीवन, जैविक और भौतिक विज्ञान पर केंद्रित वैज्ञानिक प्रयोग और प्रदर्शन करेंगे। चेन्नई से जॉय की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।**

**********

विकसित कृषि संकल्प अभियान दो हजार पचीस के तहत भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के वैज्ञानिकों और राज्य सरकार के विशेषज्ञों व अधिकारियों ने ग्यारह दिनों में चौवालिस हजार से अधिक किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया है। यह जानकारी संस्थान के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उन्तीस मई से आठ जून के बीच पचास से अधिक वैज्ञानिकों की अठारह टीमों ने विशेषज्ञों और राज्य सरकार के कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिल कर अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इस दौरान वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, संत रविदास नगर और कुशीनगर जिले के किसानों से संवाद किया गया।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गोरखपुर जिले में आयुष विभाग और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आज संयुक्त वर्चुअल ई आरोग्य योग पाठशाला का आयोजन किया गया। इसके तहत जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों से जुड़े चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों और जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी–सीएचओ को योग सिखाया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने वर्चुअल माध्यम से ही विभिन्न योगासनों का भी अभ्यास करवाया।

**********

शाहजहांपुर जिले के रोजा थानाक्षेत्र में लखनऊ सीतापुर मार्ग पर जुमका गांव के पास आज सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में गोरखपुर जिले के तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह दुर्घटना उस समय हुई जब गोरखपुर से नैनीताल जा रहे गोरखपुर के पर्यटकों की कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज और कल मौसम के शुष्क रहने और ग्यारह जून को कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग ने यह पूर्वानुमान जारी करते हुए आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र में दिन के समय लू चलने की चेतावनी भी जारी की है। इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और संभाग में धूल भरी हवाएं चलने की भी संभावना है। साथ ही इस अंचल में भी लू का प्रभाव बना रहेगा।

**********